एक नजर में



### विशेष ग्राम सभाओं में महिलाओं को किया जागरूक

**सीहोर.** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले की अनेक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया. इन ग्राम सभाओं में बड़ी सं या में महिलाओं ने भाग लिया. इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई. महिलाओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक रहने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश भी दिया गया. महिलाओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज और परिवार के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाने का संकल्प लिया.



### महिला पुलिसकर्मियों का किया सम्मान

**बुधनी.** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एसडीओपी कार्यालय में महिला दिवस का आयोजन किया गया. एसडीओपी रवि शर्मा द्वारा महिला कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें उनके समर्पण, मेहनत और जि मेदारी के लिए सम्मानित किया गया. उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और साहस के साथ कर रही हैं तथा बुदनी शहर की कानून व्यवस्था बनाये रखने में कंधे से कंधा और कदमों से कदम मिलाकर चल रही हैं. इस मौके पर एसआई कुसुमकली, सुनीता, कृष्णा, आरती, बवीता, थाना प्रभारी संदीप जाट एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे.




### महिला दिवस पर काव्यमय होली मिलन समारोह

**सीहोर.** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और रंगपंचमी के अवसर पर हॉगवर्ट्स इंटरनेशनल हाई स्कूल में काव्यमय होली मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमारी चौकसे प्रेरणा ने की. वहीं मुख्य अतिथि डॉ. छाया चौकसे, डॉ. पूनम नामदेव तथा प्रमिला झरवड़े रहीं. इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रगति राय, साधना नगेले, अफ्शा सिद्दीकी, पार्षद सपना मालवीय को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में महिला कवि सम्मेलन भी आयोजित हुआ. जिसमें आरती गोस्वामी, डॉ. साक्षी जैन, पायल पटेल, पूजा दूबे, डॉ. रूपाली सक्सेना, अर्चना शर्मा और भूमिका अग्रवाल ने होली और नारी शक्ति पर काव्य पाठ कर समां बांधा.




### ऐसी कोई जगह नहीं जहां महिलाओं ने छाप न छोड़ी : मेवाड़ा

**आष्टा.** मैजिक बस संस्था के तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, जनपद अध्यक्ष दीक्षा गुणवान, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नेता सोनू गुणवान, संस्था के राकेश शर्मा उपस्थित थे. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आज का दिन उन महिलाओं के सम्मान में समर्पित है, जिन्होंने समाज, परिवार और राष्ट्र के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है. कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था की उस्मान खां, भैयालाल, नसरीन बी, वेदांत, सुमित आदि द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम के अंत में संस्था द्वारा उपस्थित महिलाओं को टोपी व चश्मा वितरित किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं.



### महिलाओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**सीहोर.** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं को उनके स्वास्थ्य, कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करनेतीन दिवसीय जागरुकता गतिविधियां आयोजित की गई. जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे ने बताया कि विभाग के कर्मचारियों द्वारा ग्वालटोली स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में फिट इंडिया वूमन्स विक थीम के अनुसार महिलाओं को जूडो, कराटे एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया. इस दौरान भगवतीलाल मालवीय, भूपेंद्र अहिरवार, सुरेश पांचाल, दीपांशु दिसावरी सहित अन्य कर्मचारी एवं महिलाएं उपस्थित थीं. इसी प्रकार वन स्टॉप सेंटर में योगाम्यास कार्यक्रम भी आयोजित किया गया.

# गर्मी बढ़ते ही बढ़ने लगीं खेतों में आगजनी की घटनाएं

## सोमवार को शहर के नजदीक कई गांवों में पकी फसलों पर चिंगारी ने ढाया कहर, कई एकड़ जमीन में खड़ी फसल स्वाहा

- दमकलों व ग्राम पंचायत के टैंकरों से पाया आग पर काबू
- ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से बख्खर चलाकर खोदी नालियां





**सीहोर.** सोमवार की दोपहर शहर के आसपास आधा दर्जन गांवों में अज्ञात कारणों से फसलों में आग लग गई. दमकलों से आग पर काबू पाया जा सका वहीं ग्रामीणों ने भी तत्परता बररते हुए बख्खर चलाते हुए आग पर काबू पाया.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 मार्च. रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं के पकने के साथ ही क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं. हर साल की तरह इस बार भी खेतों में खड़ी पकी फसल आग की चपेट में आ रही है, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत कुछ ही पलों में राख हो जाती है. सोमवार को आसपास के कई गांवों में आग लगने की घटनाओं में आधा दर्जन किसानों की गेहूं की पकी फसल जलकर खाक हो गई.**

जानकारी के अनुसार सोमवार को नजदीक के गांव निपानिया खुर्द, मुहाली, बड़बेली, नोनीखेड़ी, धबोटी और चार मण्डली में खेतों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया. खेतों से उठती आग की लपटें और धुएं को देखकर आसपास के किसानों में अफरा-तफरी मच गई.

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और किसान मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए. किसानों ने अपने स्तर पर पानी के टैंकर, मोटर पंप और अन्य संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की. कई जगह ट्रैक्टरों से खेतों की जुताई कर आग को आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास भी किया गया. इसके अलावा ग्रामीणों ने आसपास की झाड़ियां तोड़कर उनकी मदद से आग पर काबू पाने के जतन किए. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका, लेकिन तब तक कई किसानों की फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी. आग लगने की घटनाओं को देखकर जिस तरह ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए आग पर काबू पाने के प्रयास किए वह काफी सराहनीय हैं, क्योंकि उन्होंने आनन- फानन में ट्रैक्टरों में बख्खर जोतकर खेतों में गहरी नालियां बना दीं थीं, जिससे आग आगे नहीं बढ़ पा रही थी.

बताया जा रहा है कि जिन किसानों के खेतों में आग लगी, उनकी गेहूं की फसल पूरी तरह पककर कटाई के लिए तैयार थी. आगजनी की इस घटना से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है. किसानों का कहना है कि पूरे सीजन भर की मेहनत से तैयार की गई फसल कुछ ही देर में राख में बदल गई, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. गनीमत रही कि एनवक्त पर हवाओं की रफ्तार भी कम हो गई, जिससे आग पर काबू पाने में किसानों को काफी आसानी हुई. घटना की सूचना मिलने के बाद राजस्व विभाग को भी जानकारी दी गई है. किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर पहुंचकर नुकसान का सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को जल्द मुआवजा दिया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके.

गौरतलब है कि गेहूं की फसल पकने के समय हर साल इस तरह की आगजनी की घटनाएं सामने आती हैं. ऐसे में किसानों और ग्रामीणों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है, ताकि छोटी सी लापरवाही भी बड़े नुकसान का कारण न बन सके.

### आगजनी के दौरान क्षेत्र में नहीं थी बिजली

ग्रामीणों के अनुसार जिस समय खेतों में आग लगी, उस समय इलाके में बिजली भी नहीं थी. ऐसे में शॉर्ट सर्किट जैसी संभावना से इनकार किया जा रहा है. फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि किसी की लापरवाही या छोटी सी चिंगारी से यह हादसा हुआ होगा. तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई, जिससे नुकसान ज्यादा हुआ.

### इन किसानों का हुआ आगजनी में नुकसान

सोमवार को दोपहर में जिस तरह से आग की लपटों ने किसानों की फसल को अपनी चपेट में लिया उसे देखकर अन्य ग्रामीण किसान भी भयभीत हैं. इस आगजनी में ग्राम मुहाली के दिलीप सिंह, सुरेश वर्मा, कमलसिंह वर्मा, सुरेश वर्मा, ओम वर्मा और सजनसिंह वर्मा के खेतों में खड़ी फसल को आग से काफी नुकसान पहुंचा है, वहीं निपानिया खुर्द में सुरेन्द्र सिंह, बद्री वर्मा, हरिप्रसाद वर्मा आदि की फसल आग की भेंट चढ़ गई. इसी तरह ग्राम धबोटी में पवन वर्मा के बाड़े में रखे भूसे में लगी आग से खेत में खड़ी फसल भी चपेट में आ जाने से जलकर खाक हो गई.

### यंत्रीकरण को दिशा दे रही ड्रोन तकनीक

**बुधनी.** केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान द्वारा कृषिशास्त्र के सहयोग से ड्रोन प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि यंत्रीकरण को आगे बढ़ाना विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में संयुक्त सचिव एस रुक्मिणी मुख्य अतिथि थीं, जबकि अतिरिक्त आयुक्त डॉ. वीएन काले विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. अध्यक्षता निदेशक डॉ. बीएम नांदेड़े ने की. विशेषज्ञों ने कृषि यंत्रीकरण की वर्तमान स्थिति और ड्रोन तकनीक की उपयोगिता पर जानकारी दी. उन्होंने बताया कि ड्रोन तकनीक के माध्यम से फसल निगरानी, कीटनाशक छिड़काव और मैपिंग जैसे कार्य कम समय में सटीक तरीके से किए जा सकते हैं.

# भीषण सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, तीन गंभीर

- बीती देर रात गडरिया नाले के समीप हुआ भीषण हादसा
- तेज रफ्तार कार डिवायडर से टकराकर दूसरी लेन में पहुंची

नवभारत न्यूज

**बुधनी 9 मार्च.** रंग पंचमी पर्व पर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया. थाना क्षेत्र में गडरिया नाले पर बने नेशनल हाईवे के ओवरब्रिज पर देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दूसरी लेन पर पहुंच गई और सामने से आ रहे वाहन से टकरा गई. हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार सभी लोग नर्मदापुरम से भोपाल की ओर जा रहे थे. कार में सवार चार लोगों में से तीन मंडीदीप और एक बरेली जिला रायसेन का निवासी था. हादसे में मनीष उर्फ मिंटू वर्मा आ. हुकुमचंद निवासी मंडीदीप की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. वहीं कृष्णकांत वर्मा आ. हेमराज निवासी मंडीदीप, देवेंद्र विश्वकर्मा आ. धनराज सिंह व दीपेश शर्मा आ. महेश शर्मा निवासी बरेली गंभीर रूप से घायल हो गए.

हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवकों को



मधुबन अस्पताल और जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम रेफर कर दिया गया.

घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी रवि शर्मा और उप निरीक्षक संदीप जाट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था कराई. सोमवार सुबह सिविल अस्पताल बुधनी में मृत युवक के शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया. हादसे की खबर मिलते ही देर रात तक सिविल अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ लगी रही.

### सूखा राहत प्रकोष्ठ कंट्रोल रूम बनाए

**सीहोर.** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल समस्याओं की सूचना प्राप्त करने सहित आवश्यक जानकारी संकलित करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के खण्ड सीहोर एवं उपखण्डों के अंतर्गत सूखा राहत प्रकोष्ठ कन्ट्रोल रूम का गठन किया गया है. कंट्रोल रूम का नंबर 9893416712 है. सीहोर उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 9425682161, भैरूंदा उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 9589499102, आष्टा उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 8839362991 और बुधनी उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 7489803741 है. कंट्रोल रूम में अधिकारियों कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है.

# अस्मिता लीग में महिलाओं व बालिकाओं ने लगाई दौड़

- स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने किया खेल आयोजन
- सभी विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 मार्च.** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में माय भारत एवं खेल विभाग द्वारा महिलाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से चर्च ग्राउंड पर अस्मिता लीग का आयोजन किया गया.

इस अवसर पर विभिन्न आयु वर्ग की बालिकाओं एवं महिलाओं की दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. कार्यक्रम में



मुख्य अतिथि नेशनल हॉकी खिलाड़ी अरुणा पारे ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस प्रदान करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं. भारतीय खेल प्राधिकरण के कोच सौरभ यादव और एनआईएस कोच मीना परमार ने भी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया.

दौड़ प्रतियोगिता में अंडर 13 वर्ग 100 मीटर दौड़ में नैंसी दांगी प्रथम, काजल मेवाड़ा द्वितीय व आरुषि लोधी तृतीय स्थान पर रहीं. इसी प्रकार 13-18 आयु वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम नंदिनी वर्मा, द्वितीय सलोनी मेवाड़ा और तृतीय स्थान पर नैंसी दांगी रहीं. 200 मीटर दौड़ में प्रथम नंदिनी वर्मा, द्वितीय सलोनी मेवाड़ा और तृतीय दीपिका नागर रहीं. 400 मीटर दौड़ में प्रथम ऋषिका यादव, द्वितीय नंदिनी वर्मा और तृतीय हिमांशी रहीं. 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रथम नंदिनी वर्मा, द्वितीय सलोनी मेवाड़ा और तृतीय दीपिका नागर रहीं. 200 मीटर की दौड़ में प्रथम दीपिका कुशवाहा, द्वितीय गिरिजा मौर्य और तृतीय कविता रहीं. 400 मीटर की दौड़ में प्रथम कविता ओझा, द्वितीय लक्ष्मी वर्मा और तृतीय तबस्सुम रहीं.

### गांवों में आसानी से मिलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

नवभारत न्यूज

**अहमदपुर 9 मार्च.** सोमवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन का लोकार्पण करते ही विधायक सुदेश राय ने अस्पताल में बीपी चैक कराकर ग्रामीणों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जांच कराई

ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही शीघ्र सुलभ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाऐं उपलब्ध कराने के लिए विधायक सुदेश राय सक्रिय बने हुए हैं. यही कारण है कि विधायक सुदेश राय नागरिकों की शिकायत मिलने से पहले ही अस्पताल में मरीजों के लिए उपयोगी दवाईयों इंजेक्शनों और मेडिकल से संबंधित संसाधनों की जांविधायक सुदेश राय ने भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों



सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में नवीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर देवीपुरा भवन का लोकार्पण किया. विधायक सुदेश राय ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर के महिला स्टाफ द्वारा अस्पताल का शुभारंभ कराया और मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेकर अस्पताल का अवलोकन किया. विधायक राय ने कहा इससे आसपास के कई गांवों को भी सुविधा मिलेगी.

**बैठक** वन अधिकार दावों में देरी पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को लगाई फटकार

# लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों में देरी पर लगेगा जुर्माना : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 मार्च.** कलेक्टर बालागुरू के ने टीएल बैठक में वन अधिकार दावों के निराकरण में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए वन एवं राजस्व अधिकारियों को फटकार लगाई.

उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन तथा वन पट्टों के मिलान का कार्य प्राथमिकता से पूरा किया जाए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में आयोजित टीएल बैठक में वन ग्रामों के संपरिवर्तन, वन खण्डों के व्यवस्थापन तथा वन पट्टों की संख्या और रकबे के मिलान के कार्यों की समीक्षा की गई. इस दौरान वन मित्र पोर्टल पर लंबित व्यक्तिगत वनाधिकार दावों के निराकरण में लगातार हो रही देरी पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा कि वनाधिकार से जुड़े प्रकरण और वन ग्रामों का राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन शासन की प्राथमिकता में शामिल है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. बैठक में जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान की भी समीक्षा कर निर्देश दिए कि लक्षित बालिकाओं का समय-सीमा में टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्ययोजना बनाकर अभियान को गति दी जाए. कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने चेतावनी दी कि समय-सीमा में प्रकरणों




का निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा. बैठक में सीईओ सर्जना यादव, एडीएम वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, जमील खान, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौड़ आदि उपस्थित थे.

### रंगपंचमी पर जमकर उड़ा रंग गुलाल

**शाहगंज.** रंगपंचमी का पर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया. हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में दशहरा मैदान से रंगपंचमी का चल समारोह निकाला गया. चल समारोह में हुरियारे डीजे एवं ढोल-नगाड़ों की थाप पर होली के गीतों पर मदमस्त होकर नाचते हुए चल रहे थे. रास्ते भर हुरियारों द्वारा जमकर रंग गुलाल उड़ाया गया. चल समारोह नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ रेस्ट हाउस घाट पर पहुंचा. जहां हुरियारों द्वारा जमकर होली खेली गई. इस अवसर पर युवकों की टोलियां दिनभर सड़कों पर नजर आई. इस दौरान महिलाओं एवं युवतियों ने भी एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर रंग पंचमी मनाई.